





【Recommend】Easily add text in PDF Add

1



# RAJASTHAN

## Court sentences two men for life for raping minor girl in Dungarpur

THE INCIDENT TOOK PLACE ON SEPTEMBER 21, 2021 IN A VILLAGE IN DUNGARPUR


HT Classifieds

CHANGE OF NAME

INANI MARBLES & INDUSTRIES LIMITED


## Stress, parent's expectations behind Kota suicides: Experts




HELP IS JUST A CALL AWAY




## 2 RAJ OFFICERS TO GET PRESIDENT'S POLICE MEDAL


## Gearing up for R-Day parade



## 2 COPS INJURED AS TRUCK RAMS INTO POLICE VEHICLE

## 'Ministers, MLAs involved in paper leaks': BJP MP demands CBI probe






2


## Each vote counts, use it judiciously, says Governor





## Heritage sites, festivals from states to be displayed at new Parliament

## REVISED REPORT IN GGM COLLAPSE CASE SUBMITTED



# भारतीय शेयर बाजार में बजट सत्र से पहले हर तेजी पर बिकवाली

**निफ्टी फ्यूचर 17808 अंक महत्वपूर्ण स्तर...!!!**

दिनांक 27.01.2023 शेयर बाजार में ट्रेडिंग के संबंध में....

दिनांक 25.01.2023 पर निफ्टी फ्यूचर क्लोजिंग प्राइस @ 17985 पॉइंट पर :-

अगले कारोबार के लिए संभवित निफ्टी फ्यूचर 17808 अंक के मजबूत स्टॉपलॉस के साथ सबसे महत्वपूर्ण स्तर 18088 - 18108 - 18180 अंक को छू सकता है निफ्टी फ्यूचर में प्रतिक्रियात्मक के लिए 17676 रुपये का महत्वपूर्ण स्टॉपलॉस के साथ सावधानी की स्थिति....!!!

दिनांक 25.01.2023 पर बैंक निफ्टी फ्यूचर क्लोजिंग प्राइस @ 41864 पॉइंट पर :-

अगले कारोबार के लिए संभवित निफ्टी फ्यूचर 42373 अंक के मजबूत स्टॉपलॉस के साथ सबसे महत्वपूर्ण स्तर 41676 - 41404 – 41373 अंक को छू सकता है निफ्टी फ्यूचर में प्रतिक्रियात्मक के लिए 42474 रुपये का महत्वपूर्ण स्टॉपलॉस के साथ सावधानी की स्थिति....!!!

**अब नजर डालते हैं फ्यूचर्स स्टॉक सम्बंधित मूवमेंट पर...!!**

**इन्फोसिस ( 1548 ) :-** टेक्नोलॉजी ग्रुप की इस अग्रणी कंपनी के शेयर की कीमत फिलहाल 1520 रुपये के आसपास है। 1508 रुपये के सख्त स्टॉपलॉस के साथ खरीदा जा सकने वाला यह स्टॉक 1566 से 1574 रुपये की निर्धारित लक्ष्य की संभावना है...!! 1590 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा...!!!

**महिंद्रा एंड महिंद्रा ( 1324 ) :-** तकनीकी चार्ट के अनुसार 1308 रुपये के आसपास सकारात्मक ब्रेकआउट!! 1288 रुपये के सपोर्ट से खरीदा जा सकने वाला यह स्टॉक 1344 रुपये से 1350 रुपये तक के



**निखिल भट्ट**
**रिसर्च एनालिस्ट, सेबी पंजीकृत**



लक्ष्य भाव की संभावना है...!!

**रामको सीमेंट ( 666 ) :-** सीमेंट और सीमेंट प्रोडक्ट्स सेक्टर के शेयर में 683 रुपये से 690 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा, 630 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!!

**टाटा मोटर्स ( 421 ) :-** पेसैंजर कार्स & यूटिलिटी व्हीकल्स सेक्टर के शेयर में 434 रुपये से 440 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा, 404 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!

**भारत पेट्रो ( 349 ) :** 10 रुपये का फेसवैल्यूका फंडामेंटल स्ट्रॉन्ग यह स्टॉक करीब 337 रुपये स्टॉप लॉस के साथ खरीदा जा सकने वाला रिफाइनरी & मार्केटिंग सेक्टर के इस स्टॉक में लगभग 363 रुपये से 370 रुपये तक लक्ष्य की संभावना है!!!

**बाटा इंडिया ( 1535 ) :-** तकनीकी चार्ट के अनुसार फुटवियर सेक्टर के इस शेयर पर बिकवाली होने की संभावना के साथ 1517 रुपये से 1508 रुपये के आसपास लक्ष्य भाव की संभावना है । प्रति यात्मक के लिए 1590 रुपये का स्टॉपलॉस ध्यान में रखें...!!!

**हेवेल्स इंडिया ( 1188 ):-** इस शेयर को 1208/ 1223 रुपये के आसपास ओवरबोट स्थिति दर्ज करते हुए बिकवाली की संभावना के साथ इसकी कीमत 1170 रुपये से 1155 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास लक्ष्य की संभावना है...!!! 1230 रुपये के स्तर पर एक तेजी का माहोल..!!

**टाटा केमिकल्स ( 958 ) :-** कमोडिटी केमिकल्स सेक्टर का यह स्टॉक 979 रुपये के स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 933 रुपये से 919 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास लक्ष्य की संभावना है...!!!

**ल्युपिन लि. ( 747 ) :-** फार्मा सेक्टर के इस शेयर को करीब 770 रुपये स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 727 रुपये से 720 रुपये का टारगेट प्राइस रहने की संभावना है। ट्रेडिंग के लिए 787 रुपये का सख्त स्टॉपलॉस का पालन करेंज!!!

एलआईसी हाउसिंग फायनेंस ( 391 ) :- इस शेयर को करीब 404 / 414 रुपये का स्टॉपलॉस साथ बेचकर की टारगेट प्राइस 376 रुपये से लेकर 360 रुपये तक रहने की संभावना है। 422 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा...!!!

**लेखक सेबी पंजीकृत अनुसंधान विश्लेषक और इन्वेस्टमेंट पॉइन्ट के मालिक हैं।**

**विशेष नोटः- डिस्कलमर / नीति / शर्तें www.nikhilbhatt.in के अधीन...!!!**

**नोटः शेयरों में निवेश करने से पूर्व निवेशको को वित्तीय सलाहकारी की सलाह लेनी चाहिए।**

# कास्ट आयरन लंप्स रिकवरी और डक्टाइल आयरन पाइप फिटिंग्स प्रोडक्ट्स निर्माण क्षेत्र में कार्यरत प्रमुख कंपनी है 'अर्थ स्टाल एंड एलॉयज लिमिटेड'

## 27 जनवरी को खुलकर 31 जनवरी को बंद होगा कंपनी का आईपीओ

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** रायपुर आधारित कंपनी 'अर्थ स्टाल एंड एलॉयज लिमिटेड' कास्ट आयरन लंप्स रिकवरी और डक्टाइल आयरन पाइप फिटिंग्स प्रोडक्ट्स निर्माण क्षेत्र में कार्यरत प्रमुख कंपनी है। कंपनी द्वारा ग्राम दुलदुला, बलौदा बाजार (छ.ग.) में विनिर्माण सुविधा में 33 केवी से 132 केवी तक बिजली आपूर्ति वोल्टेज में परिवर्तन के लिए पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण और कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर आईपीओ लाया जा रहा है। बिजनेस रेमेडीज की टीम ने कंपनी प्रवर्तक पदम कुमार जैन से कंपनी की कारोबारी गतिविधियों के संबंध में जानकारी हासिल की।

**यह करती है कंपनीः** वर्ष 2009 में अर्थ स्टाल एंड एलॉयज लिमिटेड का इनकॉरपोरेशन हुआ था। कंपनी कास्ट आयरन लंप्स रिकवरी और डक्टाइल आयरन पाइप फिटिंग्स प्रोडक्ट्स निर्माण क्षेत्र में कार्यरत है। कंपनी द्वारा निर्मित कास्ट आयरन लम्प्स का उपयोग स्टील या कच्चा लोहा उत्पादों के निर्माण में लगी इकाइयों द्वारा कच्चे माल के रूप में कच्चा लोहा पाइप फिटिंग, लैच मशीन, पंखे के घटक, मैनहोल कवर, सजावटी कच्चे लोहे के टुकड़े, कच्चा लोहा पाइप फिटिंग और अन्य उत्पादों के निर्माण के लिए किया जाता है। कंपनी के अन्य प्राथमिक उत्पाद, यानी डक्टाइल आयरन पाइप फिटिंग्स का उपयोग सार्वजनिक जल आपूर्ति प्रणालियों में पाइपों के कनेक्टर्स के रूप में किया जाता है। कंपनी के ये उत्पाद गवर्नमेंट कांट्रेक्टर खरीदते हैं।

कंपनी की निर्माण इकाई रायपुर, छत्तीसगढ़ के पास दुलदुला गाँव में स्थित है और लगभग 4.73 हेक्टेयर भूमि में फैली हुई है। पाइप फिटिंग के लिए कंपनी ने फाउंड्री स्थापित की है। कास्ट आयरन लम्प्स और डक्टाइल आयरन पाइप फिटिंग्स के कुशल निर्माण और वितरण के साथ-साथ कंपनी फोम मोल्ड्स की मदद से संयंत्र और मशीनरी के पुर्जों या घटकों का उत्पादन करके अपने कारोबार का विस्तार भी कर रही है। इन उत्पादों में पेलेट प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्पंज आयरन प्लांट, पावर प्लांट, ऑटोमोबाइल सेक्टर और रेलवे और डक्टाइल आयरन पाइप फिटिंग शामिल हैं। कंपनी ने हाल ही में कारोबारी विस्तार के लिए करीब 12 एकड़ क्षेत्रफल का भूखंड खरीदा है।

**भावी योजनाः** कंपनी प्रवर्तक पदम कुमार जैन के मुताबिक कंपनी की लागत का प्रमुख भाग बिजली खर्च के रूप में होता है जोकि कुल राजस्व के करीब 50 फ़ीसदी तक होता है। पावर क्षमता बढ़ने से जहां कंपनी की बिजली लागत कम होगी वही निर्माण क्षमता में विस्तार करना भी संभव होगा। कंपनी की औद्योगिक निर्माण इकाई छत्तीसगढ़ में स्थित है इसलिए कंपनी को आसानी से रिकवरी के लिए आसानी से व बड़ी मात्रा में माल उपलब्ध हो जाता है। कंपनी को 80 से 90 फ़ीसदी कारोबार फिलहाल लम्स रिकवरी कारोबार से प्राप्त हो रहा है। कंपनी प्रबंधन को पाइप फिटिंग कारोबार से भी काफी उम्मीदें हैं क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा हर घर जल योजना (जल जीवन मिशन) का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना में बड़ी मात्रा में निवेश होगा और पाइप फिटिंग उत्पादों की मांग में बड़ी वृद्धि दर्ज की जाएगी। 132 केवी लाइन बिछाने में कंपनी में 9.50 करोड़ का निवेश किया है, जिसकी रिकवरी 3 से 4 साल में होने की उम्मीद है। इससे कंपनी का टैरिफ भी कम हो जाएगा। इसके साथ ही कंपनी 13 एकड़ की जमीन लेने की योजना पर कार्य कर रही है। वही कंपनी ज्यादा से ज्यादा ऑटोमेशन पर फोकस करके मानव श्रम पर निर्भरता को भी कम करने की योजना पर कार्य कर रही है। कंपनी ने आंतरिक आर्थिक संसाधनों से अपनी निर्माण क्षमता को 10500 मेट्रिक टन से बढ़ाकर 26250 मेट्रिक टन किया है।

**कंपनी के अनुभवी प्रवर्तकः** कंपनी के 50 वर्षीय प्रवर्तक रवि ठाकुर दासजी लढ्ढा कंपनी के गैर कार्यकारी निदेशक भी हैं। उन्हें स्टील इंडस्ट्री में काम करने का 25 वर्षों का वृहद अनुभव है। उन्होंने वर्ष 1995 में अमरावती यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग विषय में डिग्री हासिल की है। वर्तमान में वें कंपनी की प्रोजेक्ट प्लानिंग का काम संभाल रहे हैं।

कंपनी के 53 वर्षीय प्रवर्तक राजेश सोमानी कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक भी हैं। उन्हें आयरन व स्टील इंडस्ट्री में काम करने का 27 वर्षों का वृहद अनुभव है। उन्होंने वर्ष 1993 में नागपुर यूनिवर्सिटी से कॉमर्स विषय में स्नातक की डिग्री हासिल की है। उन्होंने कंपनी को स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई है। वर्तमान में वे कंपनी के मार्केटिंग व फाइनेंस गतिविधियों समेत समस्त प्रबंधन को संभाल रहे हैं।

कंपनी के 48 वर्षीय प्रवर्तक प्रवीण सोमानी कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक भी हैं। उन्हें मिनरल प्री क्यूवेटिंग, कोक एंड कास्ट आयरन ट्रेडिंग में 19 वर्षों का वृहद अनुभव है। वें कंपनी के प्रोडक्शन और प्रोक्योरमेंट का काम संभालते हैं।

कंपनी के 69 वर्षीय प्रवर्तक पदम कुमार जैन कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक भी हैं। उन्होंने वर्ष 1986 में सीए और वर्ष 1991 में सीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्हें फाइनेंस एवं वित्तीय प्रबंधन का वृहद अनुभव है।





| | |
|---|---|
| IPO Date | Jan 27, 2023 to Jan 31, 2023 |
| Listing Date | [.] |
| Face Value | ₹10 per share |
| Price | ₹38 to ₹40 per share |
| Lot Size | 3000 Shares |
| Issue Size | 3,240,000 shares of ₹10 (aggregating up to ₹12.96 Cr) |
| Fresh Issue | 3,240,000 shares of ₹10 (aggregating up to ₹[.] Cr) |
| Issue Type | Book Built Issue IPO |
| Listing At | BSE SME |
| QIB Shares Offered | 30% of the Net Issue |
| NII (HNI) Shares Offered | 35% of the Net Issue |
| Retail Shares Offered | 35% of the Net Issue |
| Market Maker | HEM SECURITIES LTD. |
| Company Promoters | Ravi Thakurdasji Laddha, Rajesh Somani, Prawin Somani and Padam Kumar Jain are the promoters of the company. |

**कंपनी का वित्तीय प्रदर्शनः** वित्त वर्ष 2020 में कंपनी ने 31.81 करोड़ रुपए का राजस्व और 33.49 लाख रुपए की कर पश्चात शुद्ध हानि, वित्त वर्ष 2021 में कंपनी ने 24.57 करोड़ रुपए का राजस्व और 2.67 करोड़ रुपए की कर पश्चात शुद्ध लाभ और वित्त वर्ष 2022 में कंपनी ने 49.07 करोड़ रुपए का राजस्व और 7.45 करोड़ रुपए की कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वित्त वर्ष 2023 की पहली छमाही में कंपनी ने 48.24 करोड़ रुपए का राजस्व और 5.80 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। कंपनी की नेटवर्थ 16.37 करोड़ रुपए है जबकि कुल ऋण 10.92 करोड़ रुपए है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि कंपनी पर कर्ज का बोझ अधिक नहीं है।

**कंपनी के आईपीओ के संबंध में जानकारीः** कंपनी का आईपीओ 27 जनवरी 2023 को खुलकर 31 जनवरी 2023 को बंद होगा। कंपनी द्वारा बुक बिल्ड इश्यू आईपीओ प्रणाली से 10 रुपए फेसवैल्यू के 3240000 शेयर 38 से 40 रुपए प्रति शेयर के भाव से जारी कर 12.96 करोड़ रुपए जुटाए जा रहे हैं। कंपनी के आईपीओ में 30 फ़ीसदी शेयर क्यूआईबी कैटगरी के निवेशकों के लिए, 35 फ़ीसदी शेयर एनआईआई कैटेगरी के निवेशकों के लिए और 35 फ़ीसदी शेयर रिटेल कैटेगरी के निवेशकों के लिए आरक्षित किए गए हैं। कंपनी के आईपीओ का मार्केट लोट साइज 3000 शेयरों का है यानि कि निवेशकों को कंपनी का एक लोट खरीदने के लिए 1.20 लाख रुपए निवेश करने होंगे। कंपनी के आईपीओ का प्रबंधन जयपुर आधारित प्रमुख लीड मैनेजर कंपनी हेम सिक्योरिटीज लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

# पैरामाउंट कम्युनिकेशन लि. ने प्रस्तुत किए शानदार वित्तीय परिणाम

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली ।** नई दिल्ली आधारित पावर केबल, टेलीकॉम केबल, कंट्रोल केबल, डोमेस्टिक केबल और स्पेशल केबल का निर्माण व बिक्री सेगमेंट में कार्य करने वाली प्रमुख कंपनी पैरामाउंट कम्युनिकेशन लि. ने 31 दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही और नौमाही के वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं। उक्त अवधि में कंपनी का वित्तीय प्रदर्शन शानदार रहा है।

**कंपनी का वित्तीय परिणामः** कंसोलिडेटेड बैलेंस शीट के अनुसार कंपनी द्वारा 31 दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही में गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 163.97 करोड़ रुपए के मुकाबले 221.99 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। उक्त तिमाही में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 2.73 करोड़ रुपए के मुकाबले 14.31 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। कंपनी द्वारा 31 दिसंबर 2022 को समाप्त नौमाही में गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 399.90 करोड़ रुपए के मुकाबले 604.04 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। उक्त नौमाही में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 3.33 करोड़ रुपए की कर पश्चात शुद्ध हानि के मुकाबले 33.96 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। उक्त नौमाही में कंपनी ने 1.73 रुपए का ईपीएस अर्जित किया है।

# विकास लाइफ केयर लि. का नौमाही समेकित राजस्व 80.48 फीसदी बढ़कर हुआ 357.94 करोड़ रुपए

## कोहिनूर फूड्स में 250 करोड़ रुपए का रणनीतिक निवेश करेगी कंपनी

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** नई दिल्ली आधारित कंपनी विकास लाइफ केयर लिमिटेड ने 31 दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही और नौमाही के वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं। उक्त अवधि में कंपनी का वित्तीय प्रदर्शन अच्छा रहा है।

**कंपनी का वित्तीय प्रदर्शनः** कंसोलिडेटेड बैलेंस शीट के अनुसार कंपनी द्वारा 31 दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही में गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 114.11 करोड़ रुपए के मुकाबले 134.57 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। उक्त तिमाही में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 2.82 करोड़ रुपए के मुकाबले 6.18 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

कंपनी द्वारा 31 दिसंबर 2022 को समाप्त नौमाही में गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 211.21 करोड़ रुपए के मुकाबले 361.92 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है।

उक्त नौमाही में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 5.65 करोड़ रुपए की कर पश्चात शुद्ध हानि के मुकाबले 11.30 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

**कोहिनूर फूड्स में 250 करोड़ रुपए का निवेशः** 25 जनवरी को ही बोर्ड मीटिंग में कंपनी के निदेशक मंडल ने कोहिनूर फूड्स लिमिटेड में 250 करोड़ रुपए का रणनीतिक निवेश करने का निर्णय लिया है। कंपनी प्रबंधन के कंपनी कोहिनूर फूड्स लिमिटेड का समस्त ऋण चुका कर उसे ऋण मुक्त कंपनी बनाने के फोकस के साथ आगे बढ़ेगी।

**Form No. URC-2**
**Advertisement giving notice about registration under Part I of Chapter XXI [Pursuant to section 374(b) of the companies Act, 2013 and rule 4(1) of the companies (Authorised to Register) Rules, 2014]**

**1.** Notice is hereby given that in pursuance of sub-section (2) of section 366 of the Companies Act, 2013, an application is proposed to be made to the Registrar at **JAIPUR, RAJASTHAN, that SWASTIKAHY E-SERVICES LLP (LLPIN: AAS-7151)** may be registered under Part I of Chapter XXI of the Companies Act 2013, as a company limited by shares in the name of **SWASTIKAHY E-SERVICES PRIVATE LIMITED.**

**2.** The Principle Objects of the company are: **a.)** To take over the running business of Swastikahy E-services LLP, a limited liability partnership incorporated on 28 th July, 2020 under the provisions of LLP Act, 2008 with ROC Jaipur vide LLPIN AAS-7151. **b.)** To carry on the business of buying, selling, reselling, importing, exporting, transporting, storing, promoting, advertising, marketing and or supplying, trading, dealing in any manner whatsoever in all types of grocery products including but not limited to Vegetables, Fruits, Dairy Products, Daily utility items, Packaged foods and other grocery items on retail as well as on wholesale basis in India or elsewhere. **c.)** To own, run, administer, operate, facilitate, create, acquire an internet portal providing all types of grocery products delivery services including but not limited to Vegetables, Fruits, Dairy Products, Daily utility items, Packaged foods and other grocery items and to provide secured payment processing system, net commerce solutions for business to business and business to consumers, online trading in and outside India but does not include banking and money circulating business.

**3.** A copy of the draft memorandum and articles of association of the proposed company may be inspected at the office at D-302, 3rd Floor, Mahima Panache, Pratap Nagar, Jaipur, Rajasthan-302017.

**4.** Notice is hereby given that any person objecting to this application may communicate their objection in writing to the Registrar at Corporate Bhawan, C/6-7, Residency Area, Civil Lines, 1st Foor, Ashok Nagar, Jaipur, Rajasthan-302001 within twenty one days from the date of publication of this notice, with a copy to the company at its registered office.

**Dated this 26th Day of January 2023**

For **Swastikahy e-Services LLP**
**Yashanshu Ajmera**
**Akshanshu Ajmera**

# व्हाइटऑक कैपिटल म्युचुअल फंड ने बैलेंस्ड एडवांटेज फंड (BAF) लॉन्च किया

**व्हाइटऑक कैपिटल AMC के BAF निवेशकों के लिए मनोवैज्ञानिक बाधाओं को दूर करता है**

**NFO अवधि: 3 फरवरी 2023 तक**

**वैल्यूएशन कम होने पर स्कीम इक्विटी में अधिक आवंटन करती है और वैल्यूएशन अधिक होने पर कम**

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** व्हाइटऑक कैपिटल म्यूचुअल फंड ने अपने नए फंड ऑफर (NFO) - 'व्हाइटऑक कैपिटल बैलेंस्ड एडवांटेज फंड' के लॉन्च की घोषणा की। NFO 3 फरवरी 2023 तक खुला रहेगा। यह इक्विटी (65-100%), आर्बिट्रेज (0-50%), और डेट/नकद में 0-35% की रेंज में निवेश करने वाली एक ओपन-एंडेड डायनेमिक एसेट एलोकेशन स्कीम है, जिसमें नेट इक्विटी का वजन 30-80 की रेंज में है।इस ह्स्रह के प्रदर्शन को क्राइसिल हाइब्रिड 50+50- मॉडरेट इंडेक्स के सामने बेंचमार्क किया गया है। (योजना सूचना दस्तावेज (SID) में बताए गए निवेश उद्देश्य, निवेश रणनीति और परिसंपत्ति आवंटन के अनुसार पोर्टफोलियो का प्रबंधन किया जाएगा और यह योजना के SID के प्रावधान के भीतर परिवर्तन के अधीन है)

**बैलेंस्ड एडवांटेज फंडः** व्हाइटऑक कैपिटल बैलेंस्ड एडवांटेज फंड (BAF) का लक्ष्य निवेशकों के लिए मनोवैज्ञानिक बाधा ('लालच और भय') को दूर करना है। शुद्ध इक्विटी स्तर तय करने के लिए फंड एक मालिकाना बाजार मूल्यांकन सूचकांक अभिनियोजित करेगा। इक्विटी मार्केट का मूल्यांकन कम होने पर यह इक्विटी में अधिक आवंटन करेगा और इक्विटी मार्केट का मूल्यांकन अधिक होने पर कम। इस प्रकार, रणनीति का उद्देश्य पोर्टफोलियो को समग्र बाजार की अस्थिरता से सुरक्षित रखना और उच्च रिटर्न उत्पन्न करने की क्षमता को बनाए रखना है।

मालिकाना मॉडल बाजार में परिसंपत्ति आवंटन के अवसरों के सापेक्ष मूल्यांकन स्तर और दायरे के बारे में व्यापक मार्गदर्शन प्रदान करेगा। पूर्ण बाजार चक्र में एक बेहतर निवेश अनुभव प्रदान करने का प्रयास है: गिरते बाजार के दौरान गिरावट को कम करना, बढ़ते बाजार में उचित भागीदारी प्रदान करना, कर-कार्यक्षम लाभ प्रदान करने का लक्ष्य, विभिन्न बाजार स्थितियों के तहत स्थिर निवेश विकल्प प्रदान करना।

व्हाइटऑक कैपिटल म्युचुअल फंड के CEO मि. आशिष सोमैया ने कहा, 'हमारी नवीनतम पेशकश का उद्देश्य हमारे निवेशकों को MF उत्पादों का एक पूर्ण सूट प्रदान करना है। बैलेंस्ड एडवांटेज फंड निवेशकों को उनके पोर्टफोलियो को अस्थिरता से सुरक्षित रखने में मदद करेगा और बड़े, मध्य या विषयगत इक्विटी फंड के जोखिम वाले निवेशकों के लिए विविधीकरण प्रदान करेगा।

मि. प्रतीक पंत, CBO, व्हाइटऑक कैपिटल म्युचुअल फंड, ने कहा, 'हमारा नवीनतम फंड निवेशकों को बाजार की अस्थिरता का लाभ उठाने के लिए एक संपत्ति आवंटन समाधान प्रदान करेगा। व्हाइटऑक कैपिटल AMC का उद्देश्य देश भर में संपत्ति के वित्तीयकरण में मदद करना है, विशेष रूप से B30 स्थानों में।'

CIN No. : L14101RJ1994PLC008930

**INANI MARBLES & INDUSTRIES LIMITED**

Regd. office : ARAJI No. 1312, Udaipur-Bhilwara Highway, Near Mataji Ki Pandoli Chittorgarh (Raj.) 312001, India
E-mail: inanimarble@gmail.com, Tel. No. : 0091-1472-240111

**Statement of Un-audited Financial Results for the Quarter and Nine Months ended 31st December, 2022**

| S. No. | Particulars | Quarter Ended | | Nine Months Ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2022 (Un-audited) | 31.12.2021 (Un-audited) | 31.12.2022 (Un-audited) | 31.12.2021 (Un-audited) |
| 1 | Total Income from operations | 1,164.94 | 1,940.56 | 6,163.51 | 5,801.06 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (159.61) | 80.11 | 156.93 | 299.66 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (After Exceptional and/or Extraordinary items) | (159.61) | 80.11 | 156.93 | 299.66 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (After Exceptional and/or Extraordinary items) | (117.71) | 64.49 | 127.62 | 242.07 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period(After tax) and other Comprehensive Income (After Tax) | (117.71) | 64.49 | 127.62 | 242.07 |
| 6 | Equity Share Capital | 372.00 | 372.00 | 372.00 | 372.00 |
| 7 | Reserve excluding Revaluation Reserves as per balance sheet of previous accounting year | - | - | - | - |
| 8 | Earnings per share (of Rs. 2/- each) ( For Continuing and discontinued operations) | | | | |
| | (a) Basic | (0.63) | 0.35 | 0.69 | 1.30 |
| | (b) Diluted | (0.63) | 0.35 | 0.69 | 1.30 |

**Notes:-** The above is an extract of the detailed format of the Un-audited Financial Results for the Quarter/ Nine Months ended December 31, 2022 filed with BSE Limited under Regulation 33 of the SEBI ( Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 The Full formate of the Financial Results for the Quarter/ Nine Months ended December 31, 2022 is available on the Stock Exchange website www.bseindia.com & Company's website www.inanimarbles.com.

FOR: **Inani Marbles & Industries Ltd.**
Sd/-
Capt. Suresh Kumar Inani
Managing Director (DIN 00219702)

Date :24/01/2023
Place :Chittorgarh